पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने महावीर जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

——————

लखनऊः 03 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर की जयन्ती पर समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान महावीर की सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनका जीवन हमें शांति और आत्मसंयम की सीख देता है।

————————

चन्द्र विजय वर्मा—सूचना अधिकारी/राजभवन